## 8/ शिक्षा

विकलाँगता ग्रस्त विद्यार्थियों को एक ऐसी शिक्षा का अधिकार है जो उनके कौशल और क्षमताओं को विकसित करता है। बहुत छोटे बच्चे, स्कूल जाने वाले विद्यार्थी और टर्शरी (स्कूल के आगे की पढ़ाई करने वाले) विद्यार्थी, ये सभी अच्छी शिक्षा से लाभ ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त, आप छोटे कोर्सों पर विचार कर सकते/ती हैं और अपने लिए उपयुक्त आगे की पढ़ाई पर ग़ौर कर सकते/ती हैं, चाहे आपकी आयु कुछ भी हो। विकलाँगता से ग्रस्त विद्यार्थियों को उन विद्यार्थियों के समान आधार पर शिक्षा तक पहुँच का और शिक्षा में भाग लेने का अधिकार है जिन्हें विकलाँगता नहीं होती है। शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर *शिक्षा के लिए विकलाँगता मानक 2005* के बारे में और अधिक पता लगाएँ।

यह अनुभाग निम्नलिखित के बारे में सेवाएँ और सूचना के लिंक्स प्रदान करता है:

प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षा

उचित प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए विकल्प

प्राईमरी और हाई स्कूल (प्राथमिक और उच्च विद्यालय)

विकलाँगता ग्रस्त लोगों के लिए उपयुक्त होने वाले आपके अधिकार और विकल्प

टर्शरी (स्कूल के आगे की) शिक्षा

युनिवर्सिटी और वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम (प्रशिक्षण कार्यक्रम)

### 8.1 प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षा

विकलाँगता ग्रस्त छोटे बच्चे घर पर, चाइल्डकेयर केन्द्रों पर, प्री-स्कूलों या किंडरगार्टनों पर प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षा का अनुभव कर सकते हैं। प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षा पूर्ण रूप से स्कूली शिक्षा शुरू करने से पिछले साल होती है। जानकारीऔर सहायता आपको यह सुनिश्चित करने में मदद देने के लिए उपलब्ध हो सकती है कि विकलाँगता और/या विकासात्मक विलंब से ग्रस्त आपकी संतान अपनी शिक्षा में सकारात्मक शुरूआत कर पाए।

पता लगाएँ कि आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में क्या उपलब्ध है

आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में अंग्रेज़ी भाषा में क्या उपलब्ध है, यह पता लगाने के लिए यहाँ मैप या बटनों का प्रयोग करें।

## 8.2 प्राईमरी और हाई स्कूल (प्राथमिक और उच्च विद्यालय)

औपचारिक स्कूली शिक्षा शुरू हो जाने पर, विकलाँगता ग्रस्त बच्चों के लिए एक समावेशी समुदाय का भाग होना, कक्षा की गतिविधियों में योगदान देना और सकारात्मक संबंधों का निर्माण करना महत्वपूर्ण है।

पता लगाएँ कि आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में क्या उपलब्ध है

आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में अंग्रेज़ी भाषा में क्या उपलब्ध है, यह पता लगाने के लिए यहाँ मैप या बटनों का प्रयोग करें।

## 8.3 टर्शरी (स्कूल के आगे की) शिक्षा

जब आप हाई स्कूल की पढ़ाई समाप्त करते/ती हैं, तो आप आगे की पढ़ाई या प्रशिक्षण करने का चयन कर सकते/ती हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार और अन्य प्राधिकरण विकलाँगता ग्रस्त युवाओं के लिए कार्यनीतियाँ, सेवाएँ और सहायता प्रदान करते हैं। वे आपको टर्शरी अनुभवों का अधिक से अधिक लाभ उठाने में आपकी मदद करेंगे।

पता लगाएँ कि आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में क्या उपलब्ध है

आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में अंग्रेज़ी भाषा में क्या उपलब्ध है, यह पता लगाने के लिए यहाँ मैप या बटनों का प्रयोग करें।